## ब्रीफ न्यूज

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**गया (रासासं):** भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर स्वतंत्रता सेनानियों के मूर्ति पर माल्यार्पण करने की परंपरा के तहत भाजपा किसान मोर्चा के बागवानी प्रकोस्ट केसह संयोजक डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर व्यापार प्रपोज के संयोजक दीपक पांडे राणा रंजीत सिंह सहित नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर जाकर साफ सफाई कर माला अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पांडे मिश्रा ने कहा महापुरुषों को याद करने का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति, राष्ट्रवाद और स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले महापुरुषों को याद कर नमन करनाइस तरह के कार्यक्रम से भाजपा नेता और कार्यकर्ता स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियों या स्मारकों पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित करते है। बल्कि जनता में स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के प्रति आदर और सम्मान का भाव भी जाग्रत करती है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से भाजपा का उद्देश्य यह होता है कि देश की नई पीढ़ी स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को याद रखे और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को न भूले।

### न्यायाधीश अरविंद कुमार बने डीएलएसए के नए सचिव, संभाला पदभार

**गया (रासासं):** अवर न्यायाधीश तृतीय अरविंद कुमार दास को गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार का सचिव बनाया गया है। जिन्होंने मंगलवार को अपना पदभार ग्रहण किया। साथ ही प्राधिकार के कर्मचारियों से कार्यालय संबंधित कार्य की जानकारियां ली। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत विधिक सेवाएं, मध्यस्थता, लोक अदालत और विधिक जागरूकता के कार्यकलापों के मापदंड पर खरा उतरने के लिए वचनबद्ध है। सभी कर्मचारियों से उन्होंने कार्यकलापों की जानकारी ली और आवश्यक दिशानिर्देश दिया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारी हादी अकरम, प्रतुल कुमार, हारून रशीद, विकास कुमार, उदय कुमार, दीपक कुमार सिन्हा, अनिल कुमार उपस्थित रहे।

### इनरव्हील क्लब द्वारा बच्चों को दी गई वर्मी कंपोस्ट तथा सीड बॉल बनाने की ट्रेनिंग

**गया (रासासं):** इनरव्हील क्लब का गया के बैनर तले शहर की विभिन्न स्कूलों में वर्मी कंपोस्ट तथा सीड बॉल बनवाने की ट्रेनिंग दी गई' गया डोभी रोड पर स्थित शेखवाड़ा के निकट डेल्ही वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों को पी पी उषा राज द्वारा किचन वेस्ट तथा पत्तियों से खाद बनाने की विधि बताई गई तथा साथ ही गोबर और बर्मी कंपोज्ड मिलकर बीज बाल बनाने की प्रक्रिया भी बताई गई। बच्चों ने भी साथ-साथ सीड बॉल बनाएं । उषा राज जी ने बताया कि सीड बॉल से बच्चे खेल-खेल में पौधे लगा सकते हैं तथा बढ़ती गर्मी को रोकने के लिए पौधा लगाना सबसे जरूरी कदम है ।और प्रत्येक बच्चों को देश की आजादी के साथ-साथ अपने पर्यावरण की रक्षा की जानकारी भी मिलना बहुत ही जरूरी है। अध्यक्षा तृप्ति गुप्ता ने इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल लक्ष्मी मणि त्रिपाठी जी को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया ।अंत में सभी बच्चों को बीज बॉल बांटा गया जिसको वह विभिन्न जगहों पर फेक कर वृक्ष लगाएंगे ।इसके अतिरिक्त स्मार्ट क्लास के माध्यम से सोनू लाल बरनवाल स्कूल, कर्क व्यू स्कूल, डीएवी रोटरी कैंपस तथा महावीर उच्च विद्यालय के बच्चों को स्मार्ट क्लास में वीडियो के माध्यम से इसकी ट्रेनिंग दी गई ' बाद में स्कूल के शिक्षक द्वारा भी इसके विषय में बच्चों को बताया गया 'इससे लगभग 500 बच्चे लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में अध्यक्ष तृप्ति गुप्ता पीपी उषा राज ,कोमल धानुका आदि शामिल हुई।

### गस्ती के दौरान 10 बोतल शराब बरामद

**इमामगंज (रासासं):** पुलिस ने गश्ती के दौरान भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रानीगंज बस बाजार के नजदीक बनाए गए चेक पोस्ट के समीप से पुलिस ने 375 एमएल का 10 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है। मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देख गाड़ी लेकर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### रामशिला-प्रेतशिला मार्ग पर गिरा पेड़ ई-रिक्शा चालक सहित यात्री बाल बाल बचे

**गया (रासासं):** गया शहर के उत्तरी हिस्से में रामशिला-प्रेतशिला मार्ग पर कुष्ठ अस्पताल के पास एक पेड़ अचानक टूटकर गिर गया। पेड़ की टहनी इस रास्ते से गुजर रहे एक ई रिक्शा पर गिर गया। गनीमत रही कि चालक और इस पर सवार लोग बाल बाल बच गए। किसी को चोट नहीं आई लेकिन ई रिक्शा को क्षति पहुंची। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार आदि ने बताया कि सोमवार को दोपहर बाद रामशिला की तरफ से एक ई रिक्शा प्रेतशिला की तरफ जा रहा था, इसी बीच अचानक नीम का पेड़ टूट गया। ई रिक्शा चालक जबतक खुद और वाहन पर सवार लोगों को बचा पाता कि एक बड़ी टहनी ई रिक्शा पर गिर गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्र रहा कि ई रिक्शा चालक और इस पर सवार लोगों को किसी तरह की हानि नहीं हुई लेकिन ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। इस मार्ग पर पेड़ टूट कर गिरने से कुछ देर के लिए अफरा तफरी रहा। यातायात कुछ देर के लिए प्रभावित रहा। स्थानीय लोग पेड़ की छोटी छोटी टहनियों को काटकर अलग किया। जिसके बाद इस मार्ग पर आवागमन सामान्य हो सका।

### भगदड़ में 7 लोगों की हुई मौत सचिव पंकज ने की गहरी शोक संवेदना व्यक्त

**गया (रासासं):** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश सचिव पंकज सिंह ने जहानाबाद जिले के मखदुमपुर के वाणावार के सिद्धेश्वर मंदिर में मची भगदड़ में 07 लोगों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। पंकज सिंह ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। आस्था का केंद्र वानावर ( बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर ) की घटना कुव्यवस्था एव स्थानीय लोगों की गुंडागर्दी की वजह से हुई । यह बहुत दुखदाई है ।बिहार सरकार को इसकी न्यायिक जांच करते हुए दोषियों पर अविलंब कार्यवाही करना चाहिए तथा मृतकों के परिजनों को 20लाख मुआवजा एव घायलों को 10 लाख मुआवजा देते हुए संकट की इस घड़ी में घायलों के इलाज के लिए सभी अस्पतालों में एक बेहतर मेडिकल टीम का गठन किया जाना चाहिए ताकि इनका बेहतर इलाज हो सके। साथ ही पंकज सिंह ने मृतकों के परिजनों को धैर्य से रहने का आग्रह किया है।

### पुलिस ने तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार



**गया (रासासं):** गया जिले के इमामगंज पुलिस ने तीन अपराधी को पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस कहना है कि तीनों गाड़ी पर सवार होकर किसी अपराध को अंजाम देने जा रहे थे। पकड़े गए तीनों अपराधियों की जांच पड़ताल में पुलिस जुटी है। डीएसपी इमामगंज अमित कुमार ने बताया कि देर रात इमामगंज थाना क्षेत्र में वाहनों की तलाशी की जा रही थी। इस बीच उन्हें एक गाड़ी पर नजर पड़ी। गाड़ी सवार पुलिस से बचने के लिए मौके से भागने के फिराक में थे। इसी बीच पुलिस के जवानों को घेर कर पकड़ लिया। गाड़ी पर तीन युवक सवार थे। तीनों युवकों की तलाशी ली गई। 3 में से एक आसिफ नाम के युवक की कमर से एक पिस्टल और उसकी मैगजीन में से दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। हालांकि अन्य दो शाहरुख खान और तब्बू खान की जेब से एक एक मोबाइल बरामद किए गए। पकड़े गए तीनों अपराधी कोठी थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि तीनों लोगों को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वे किसी जघन्य अपराध की घटना को अंजाम देने के उदेश्य से जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। आसपास के लोगों से जानकारी ली जा रही है।उन्होंने बताया कि जिस बाइक पर तीनों आरोपी सवार थे। उसे जब्त कर लिया गया है। डीएसपी ने यह भी बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने कुछ जानकारियां दी हैं। उनका सत्यापन किया जा रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्टेशन प्रबंधक ने डीएम से कहा- व्हील चेयर की कमी है, डीएम ने सिविल सर्जन से कहा- 25 व्हीलचेयर दें

## डीएम व एसएसपी ने रेलवे के पदाधिकारियों के साथ की बैठक, स्टेशन परिसर का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**गया:** पितृपक्ष मेला 2024 के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओ, जो खासकर विभिन्न ट्रेन के माध्यम से आएंगे, उनकी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर तथा सुगमता बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम तथा वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती की अध्यक्षता में रेलवे स्टेशन के सभागार में रेलवे स्टेशन के वरीय पदाधिकारियों, जीआरपी, आरपीएफ तथा जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में स्टेशन मैनेजर गया ने बताया कि वर्तमान समय में रेलवे स्टेशन का रिमॉडलिंग होने के कारण बहुत सारी व्यवस्थाएं अस्थाई करने होंगे। जैसे शौचालय, पार्किंग, पेयजल, रैंप की व्यवस्था आदि। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पार्किंग हेतु अतिरिक्त व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही वृद्ध यात्रियों के लिए प्लेटफार्म से बाहर तक आने के लिए व्हील चेयर का प्रयोग किया जाएगा। स्टेशन प्रबंधन द्वारा व्हील चेयर की कमी बताई गई, जिसपर जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को 25 व्हील चेयर रेलवे को मेला अवधि के लिए सौंपने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने रेलवे प्रशासन को निर्देश दिया कि भीड़ नियंत्रण को बेहतर तरीके से अनुपालन कराएंगे। सभी तीर्थ यात्रियों के साथ कुशल व्यवहार अपनाएंगे। यहां स्मरण कराते चलें कि पिछले साल तीर्थयात्रियों से शौचालय संचालन कर रहे कर्मचारियों ने यात्रियों से अधिक राशि की वसूली की थी। यह मामला डीएम तक पहुंचा था। इसके बाद डीडीयू मंडल रेल प्रशासन को काफी फजीहत हुई थी। पे एंड यूज के संचालक से जुमार्ना वसूला गया था।

जिला पदाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर तथा पुलिस उपाधीक्षक यातायात को निर्देश दिया कि आपस में समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न ऑटो रिक्शा इत्यादि का क्षेत्रवार दर निर्धारण कर लें तथा विभिन्न ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा पर निर्धारित दर को प्रदर्शित करा दें ताकि यात्री उसी अनुरूप भुगतान कर सके। रेलवे स्टेशन के बाहरी परिसर में भी पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम लगा दें तथा लगातार अनाउंसमेंट करवाते रहें। रेलवे स्टेशन के बाहरी परिसर तथा अंदर के परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखें। सीरियल नंबर के साथ स्टेशन परिसर में वाहनों को एंट्री करावे यह सुनिश्चित करें ताकि ट्रैफिक का कोई समस्या उत्पन्न ना हो।

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने निर्देश दिया कि रेलवे प्रशासन द्वारा लगाए गए सीसीटीवी का निरंतर निगरानी रखने का निर्देश दिए। जो सीसीटीवी खराब पड़े हैं, उनकी मरम्मत जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करे। पितृपक्ष मेला के दौरान अतिरिक्त कैमरे की आवश्यकता है इस पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि आकलन कर तेजी से कैमरा लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हर डार्क स्पॉट कवर हो, इसे सुनिश्चित करवाये। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों को मेला क्षेत्र में जाने हेतु निशुल्क टैक्सी अथवा वाहन, यात्री सुविधा हेतु देने के लिये बड़ा जगह चिन्हित करते हुए काउंटर बनाए ताकि यात्रियों के भीड़ का दबाव कम पड़े। रेलवे स्टेशन से निकलने वाले विभिन्न एप्रोच रोड में रोशनी की व्यवस्था मुकम्मल रखने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर आयुक्त एवं रेलवे के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आपस में समन्वय स्थापित करते हुए रेलवे स्टेशन के अप्रोच रोड का मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से रेलवे स्टेशन पर कार्य कर रहे हैं मजदूर का पुलिस वेरिफिकेशन हेतु एक पत्र प्रेषित करें, जिसके आधार पर उन सभी कार्यरत मजदूरों का पहचान पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। कोई भी पदाधिकारी एवं कर्मी बिना पहचान पत्र के किसी भी स्थान पर उपस्थित नहीं रहेंगे।

जिला पदाधिकारी ने स्टेशन मैनेजर को स्पष्ट निर्देश दिया कि तीर्थ यात्रियों की सुविधा हेतु स्टेशन परिसर के अंदर एवं स्टेशन परिसर के बाहर पर्याप्त साफ-सफाई, पेयजल की उत्तम व्यवस्था, शौचालयों की निरंतर साफ-सफाई अनिवार्य रूप से करावे। यात्रियों को रेस्ट करने के लिए वैकल्पिक रूम का व्यवस्था हर हाल में रखें। जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि अतिरिक्त मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था स्टेशन के बाहरी परिसर में रखें। साथ ही टॉयलेट की सफाई का भी पूरा इंतजाम रखें। गया रेलवे स्टेशन मैनेजर ने बताया कि रेलवे स्टेशन के अंदर एवं बाहरी परिसर में 24 घंटे कार्यरत कंट्रोल रूम चलाया जाएगा। रेलवे के सभी विभागों के 1-1 पदाधिकारी तथा रेलवे के स्टेशन मैनेजर भी खुद कंट्रोल रूम में रहेंगे। पितृपक्ष मेला के दौरान अतिरिक्त टिकट रिजर्वेशन काउंटर बनाए जाते हैं। रेलवे इंक्वायरी सेंटर भी 24 घंटे चलेगा। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम तथा हेल्पलाइन का दूरभाष संख्या पर्याप्त जगह पर प्रदर्शित करें।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी जगह पर साइनस लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी प्लेटफार्म पर रेल डब्बे का साइनस एवं समय सारणी इत्यादि का प्रदर्शन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने नगर आयुक्त तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि मेला अवधि में पेयजल हेतु वॉटर टैंकर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता रविन्द्र नाथ दिवाकर, राजीव कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रेलवे के वरीय पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक नगर सहित अन्य पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

### हर घर तिरंगा अभियान का किया गया शुभारंभ, तिरंगा का किया गया वितरण



**औरंगाबाद (रासासं):** औरंगाबाद जिले के रफीगंज नगर मंडल में नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू के नेतृत्व में मोदी सरकार के हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल सह भाजपा कार्यालय से लेकर बस स्टैंड ,थाना गली, थाना परिसर,बाबूगंज हॉस्पिटल रोड, सब्जी मंडी, स्टेशन रोड तक घूम घूम कर तिरंगा झंडा बंटा गया इसी क्रम में महामंत्री बालगोविंद साव के घर के छत पर तिरंगा झंडा लगाया गया। संतोष साहू ने बताया कि घूम घूम कर लोगों के बीच तिरंगा झंडा का वितरण हुआ और लोगों को जागरूक किया गया कि घर के ऊपर तिरंगा झंडा फहराना है जिससे राष्ट्र की भक्ति में मजबूती बढ़े। नरेंद्र मोदी का यह अभियान देश में हर घर तिरंगा के तहत 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर लोग अपने घर के ऊपर झंडा लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, नगर महामंत्री बाल गोविंद साहू, उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद , अशोक प्रसाद, नगर मंत्री मनोज सिंह, राजेश शर्मा, शक्ति केंद्र प्रमुख उपेंद्र साव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में सेबी प्रमुख पर लगे आरोपों की जेपीसी जांच हो : कॉंग्रेस

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**गया:** अडानी महाघोटाले की जांच करने में सेबी ( रएइक ) की आश्चर्यजनक अनिच्छा लंबे समय से सबके सामने है, जिसका संज्ञान सुप्रीम कोर्ट की एक्सपर्ट कमिटी ने विशेष रूप से लिया था।

बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, प्रद्युम्न दुबे, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम आलम, उज्ज्वल कुमार, अमरजीत कुमार, टिंकू गिरी, विनोद उपाध्याय आदि ने कहा कि हिंडनबर्ग रिसर्च के सनसनी खेज खुलासा से पता चलता है कि सेबी के चेयरपर्सन माधवी पूरी बुच और उनके पति धवल बुच ने बरमुडा और मॉरिशस स्थित ऑफसोर फंड में निवेश किया था, जिसमें विनोद अडानी और उनके करीबी सहयोगियों चांग चुंग लिंग, और नासिर अली शहबान अहली ने बिजली उपकरणों के ओवर ईनवांईसिंग से अर्जित धन का निवेश किया था।

नेताओं ने कहा कि देश में पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि महाघोटाला की की जांच करने वाला भी महाघोटाला में शामिल है। नेताओं ने सेबी प्रमुख माधवी पूरी बुच को अभी तक इस्तीफा नहीं देना सरकार की मिलीभगत को दशार्ता है। नेताओं ने इस आरोप की सत्यता की जांच जे पी सी का गठन कर जांच कराने या पूर्व की भांति सुप्रीम कोर्ट इस संवेदनशील मामले में स्वतः संज्ञान ले, तभी इस मामले में दूध का दूध, पानी का पानी सामने आयेगा। नेताओं ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष, आमजन की आवाज राहुल गांधी ने इस मामले पर सरकार से तीन सवाल पूछें है। इस मामले की जे पी सी जांच हेतु कॉंग्रेस पार्टी का राष्ट्रव्यापी आंदोलन होगा।

## सीयूएसबी के कुलपति प्रो. केएन सिंह ने लाइब्रेरी गेम पोर्टल और विभागानुसार पुस्तकों का क्यूआर कोड किया लॉन्च

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**गया:** भारत समेत दुनिया भर के पुस्तकालय स्वचालन की ओर बढ़ रहे हैं और बिहार राज्य में नैक से ए ++ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) अपने केंद्रीय पुस्तकालय में नवीनतम तकनीकों को शामिल कर रहा है।

सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय के राजर्षि जनक केंद्रीय पुस्तकालय में विशेष रूप से विकसित लाइब्रेरी गेम पोर्टल लॉन्च किया। इसके साथ-साथ कुलपति महोदय ने चलते-फिरते विभिन्न विभागों के पुस्तकों एवं पुस्तकालय संसाधनों की जानकारी के लिए डिजाइन किए गए क्यूआर कोड को भी लॉन्च किया। इस अवसर पर सीयूएसबी के कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. पंकज माथुर, डीएसडब्ल्यू प्रो. पी. के. मिश्रा, प्रॉक्टर प्रो. प्रणव कुमार, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मयंक युवराज, सूचना वैज्ञानिक क्षितिज सिंह, प्रोफेशनल असिस्टेंट अरशद अली सहित पुस्तकालय कर्मचारी, संकाय सदस्य, छात्र, शोधकर्ता एवं अधिकारी उपस्थित थे।

औपचारिक उद्घाटन के बाद कुलपति, कुलसचिव एवं पुस्तकालयाध्यक्ष ने भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्व. डॉ. एस. आर. रंगनाथन की स्मृति में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने गणमान्य व्यक्तियों एवं अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष ने डॉ. एस. आर. रंगनाथन के 132वें जन्मदिवस पर उनके करियर यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पद्मश्री रंगनाथन ने गणित के प्रोफेसर होने के बावजूद पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में योगदान देकर पुस्तकालय व्यवसाय की नींव रखी और इसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. केएन सिंह ने क्यूआर कोड और लाइब्रेरी गेम पोर्टल विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय पुस्तकालय टीम की सराहना की। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि पुस्तकालय पूरी तरह से स्वचालित हो रहा है, जिससे छात्रों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों और कर्मचारियों सहित उपयोगकताओं द्वारा संसाधनों तक आसान पहुंच सुनिश्चित होगी। प्रो. सिंह ने पुस्तकालय कर्मचारियों को जुनून और समन्वय के साथ एक विजन और मिशन के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद छात्रों से पुस्तकालय सेवाओं का पूरा उपयोग करके अपने करियर में आगे बढ़ते रहने का आग्रह किया।

गेम पोर्टल विकसित करने वाले सहायक लाइब्रेरियन डॉ. मयंक युवराज ने इसकी विशेषताओं के बारे में समारोह स्थल पर मौजूद लोगों को रूबरू करवाया । उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी गेम पोर्टल मूल रूप से एक मजेदार पोर्टल है जो व्यापक अध्ययन के दौरान पुस्तकालय उपयोगकताओं को कुछ राहत और आराम का विकल्प प्रदान करेगा। गेम पोर्टल में लाइब्रेरी-आधारित गेम हैं जिन्हें कोई भी आसानी से खेल सकता है और तरोताजा हो सकता है। दूसरी ओर, क्यूआर कोड विभाग/विषयवार/पाठ्यक्रम के अनुसार विकसित किया गया है, जो कोड को स्कैन करके विशिष्ट पुस्तकों तक आसान पहुंच प्रदान करेगा।

## अखंड भारत हिंदू रक्षा मंच के तत्वाधान में निकाली गई जनाक्रोश मार्च

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**गया:** बांग्लादेश में इन दिनों जमायत-ए-इस्लामिक कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं के ऊपर अत्याचार हिंदू नरसंहार, हिंदू लड़कियों और महिलाओं का बलात्कार, हिंदुओं के घर और दुकान लूटना, हिंदू मंदिर और धार्मिक स्थलों प्रतिष्ठानों और घरों में आगजनी के विरोध में गया शहर के अखंड भारत हिंदू रक्षा मंच के आयोजन में सभी हिंदू समाज के लोग आज अपहरण 3 बजे आजाद पार्क से गांधी मैदान तक एक जनाक्रोश मार्च निकाला गया। इस मार्च में लगभग 10000 हिंदू समाज के लोग शामिल होकर रोष प्रकट किए। बांग्लादेश में हुए हिंदुओं के ऊपर अत्याचार नहीं सहेगा हिंदुस्तान, जब जब हिंदू जागा है दुनिया का दुश्मन भागा है, कट्टरपंथियों होश में आओ, जय श्री राम आदि के नारे लगाकर भीड़ आजाद पार्क से जीबी रोड, केदारनाथ मार्केट, तहसील, सिविल लाइन, काशीनाथ मोड होते हुए गांधी मैदान पहुंची। अंत में अखंड भारत हिंदू रक्षा मंच के अध्यक्ष श्री जगदीश श्याम दास जी ने मीडिया को बताया कि बांग्लादेश में हुए हिंदुओं के ऊपर अत्याचार को कड़ा विरोध किया जाता है और कट्टरपंथियों को चेतावनी दिया जाता है। संयोजक रुपेश कुमार बोले कि हिंदू जाग गया है और कट्टरपंथियों का अब खैर नहीं। जिसमें संरक्षण मंडल के सदस्य मुकेश कुमार अधिवक्ता, राजीव रंजन दास, नवीन वर्मा,अजय शर्मा, प्रमोद कुमार, मंजीत सिंह, राम बारीक, सुधीर कुमार, बहर्ती सेवा अभियान के सचिव महेश शर्मा एवं कोषाध्यक्ष संजय शर्मा प्रेम, प्रकाश चिंटू ,संचालन समिति के पंकज कुमार अधिवक्ता, कमल बारीक, संजय बरनवाल, भोला पटेल, सुभाष वर्मा, प्रमोद पाठक, मुकेश कुमार सिंह अधिवक्ता, राधिकांत शर्मा, वशिष्ठानंद महाराज जी, संत कुमार एवं महामंत्री आशीष पाठक, चंदन भदानी, बेगन विश्वकर्मा मंत्री रवि शंकर सिन्हा, दिवाकर कुमार, शशिकांत मिश्रा, विकास भदानी, अमित मोहन मिश्रा, अमरेंद्र शर्मा, मुन्ना बजरंगी, टिंकू गोस्वामी, सुरेश प्रसाद, बंटी वर्मा, मनीष कुमार एवं सोशल मीडिया रवि रंजन कुमार और छोटू बारीक कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार टोका विनय कुमार गुप्ता गोल्डी गायब एवं हजारों कोर कमेटी के लोग उपस्थित हुए।

## पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान हथियार के साथ तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार

### एक पिस्टल एवं दो राउंड जिंदा कारतूस किया बरामद

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**इमामगंज:** इमामगंज पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान तीन बदमाशों को एक पिस्टल एवं दो राउंड जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जिसमें आसिफ खान, शाहरुख खान एवं तब्बू खान शामिल है। तीनों बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद डीएसपी अमित कुमार ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए बताया कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस लगातार गस्ती एवं वाहन चेकिंग कर रही है।

इसी दौरान सोमवार के शाम इमामगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार, एसआइ चंदन कुमार राम, सूर्य नारायण प्रसाद के अलावा सिपाही पप्पू कुमार एवं आशीष कुमार वाहन चेकिंग पर निकले थे। वाहन चेकिंग के क्रम में कोठी मोड़ के नजदीक पंजाब नेशनल बैंक के पास वाहन चेकिंग लगाए हुए थे। इसी क्रम में बाइक पर सवार तीन व्यक्ति वाहन को तेज गति से चलते हुए इमामगंज बाजार की तरफ आ रहे थे। पुलिस को देखते ही वाहन को घूमा कर भागने की कोशिश करने लगे।

जिसे पुलिस ने पीछा करते हुए तीनों को पकड़ लिया। जिसमें 32 वर्षीय आसिफ खान, 29 वर्षीय शाहरुख खान एवं 21 वर्षीय तब्बू खान शामिल है। यह सभी कोठी थाना क्षेत्र के रहने वाले है। उन्होंने बताया कि आसिफ खान के पास से एक पिस्टल तथा दो राउंड जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने बाइक का बरामद करते हुए तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि तीनों लोगों को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि सभी लोग किसी जगह अपराध की घटना को अंजाम देने के लिए जा रहे थे। जिसे पुलिस समय रहते गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल किया है।

इन तीनों के पास से तीन मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किया गया है। प्रेस वार्ता में डीएसपी अमित कुमार, इमामगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार, एसआइ चंदन कुमार राम, सूर्य नारायण प्रसाद, सिपाही पप्पू कुमार एवं आशीष कुमार मौजूद थे।

### मारपीट मामले में लोदीपुर गांव से एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कोंच (रासासं):** कोंच थाने की पुलिस ने मारपीट मामले में लोदीपुर गांव से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है वही स्थानीय थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की कांड संख्या 332/24 ननंद किशोर यादव ग्राम लोदीपुर को भाई भाई में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुआ था उसी मामले में एस आई बीरेंद्र कुमार पुलिस बलों के साथ गिरफ्तार किया और कोविड जांच कराकर जेल भेज दिया।

AFFIDAVIT

I, Satendra Son of Madan Mohan, Residing at village Earky P.O.-Itwan,P.S. Mohanpur,Bodhgaya, District- Gaya do hereby declare vide Affidavit no.12618,Dt.12.08. 2024. That Kanchan Kumari is my wife and Shreya Kanchan is my daughter and her date of birth is 04-10-2015. My correct name is Satendra according to my aadhar card no. 3961 3876 3907.My daughter is studying at D.P.S. Dubhal, Gaya in class 4H Roll no.32, Admission Number is 2261/2021-22 and In school register my name is mentioned Satendra Prasad in place of Satendra.

## स्वच्छता संकल्प का भाजपा कार्यकर्ताओ ने ली शपथ

3.

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**औरंगाबाद:** औरंगाबाद जिले के रफीगंज के प्रखंड परिसर के अम्बेडकर के आदमकद प्रतिमा के प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओ ने साफ- सफाई कर अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं स्वच्छ कराने में हर संभव हर जगह तिरंगा लेकर सहयोग करने का संकल्प लिया। भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष विनोद चन्द्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनानाथ विश्वकर्मा, मुखिया संजय कुमार एवं शुभम सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के सभी जगह महान पुरूष के स्मारक के पास साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सफाई अभियान एवं मोदी का हर घर तिरंगा लगाने का अभियान को सफल बनाने का भाजपा कार्यकर्ताओ ने संकल्प लिया और लोगो को कहा कि स्वच्छ रहकर स्वच्छ समाज का निर्माण करे। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री बाल गोविंद साहू, भाजपा कासमा मंडल महामंत्री मनोज कुमार यादव, सुरेश राम, बब्लू सिंह, संजीत कुमार, मनोज कुमार, विमलेश पासवान, राहुल कुमार, अरुण कुमार, धनेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.

पंजीकृत कार्यालय: 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली – 110025
सीआईएन : U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिविलक स्माल फाइनेंस बैंक एल के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा बैंक से लिए गए गोल्ड लोन के बावजूद उनके द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगें और सूचनाएं। अल बोर्तोवे एहरसेब ने आपको सूचित किया है कि उसे गोल्ड अमामेंट्स के लिए तय किया गया है बैंक के पास सुरक्षा रखी गई थी और तदनुसार 28.08.2024 को नीलामी की तारीख तय की गई थी और दोपहर 03:00 बजे शाखा परिसर से यहां ओन का लाभ उठाया गया था। अल कर्जदारों, खाताधारकों और पब्लिक कैटलार्ग सहित, नीलामी की शर्तों और शर्तों में भाग ले सकते हैं।

| शाखा | खाता नंबर | खाता धारक का नाम | पिता / पति / पत्नी का नाम | पता | खाता खुलने की तिथि | भुगतान करें |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गाजियाबाद | 101542512598 | रवि रंजन | पुत्र दिनेश प्रसाद | बंगला नंबर, रेलवे के पास, डेहरी ऑन सोन, डेहरी, रोहतास, डालमियानगर बिहार 821307 | 02 / 11 / 2023 | 107829.57 |
| गाजियाबाद | 101542513369 | रवि रंजन | पुत्र दिनेश प्रसाद | बंगला नंबर, रेलवे के पास, डेहरी ऑन सोन, डेहरी, रोहतास, डालमियानगर बिहार 821307 | 15 / 01 / 2024 | 62314.12 |
| नोएडा–18 | 100742599606 | निशांत कुमार | पुत्र मणिभूषण द्विवेदी | एच, साउथ मेला, सिंचाई कॉलोनी, गोह, ग्राउंड, औरंगाबाद बिहार 824203 | 22 / 06 / 2023 | 192726.02 |

नीलामी तिथि 28.08.2024 @ 03:00 बजे है।

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।